ONGC News, 05.09.2021 Print

इंडियन आयल को महामारी के बावजूद रिकॉर्ड मुनाफा	Amar Ujala	6	Bureau

इंडियन आयल को महामारी के बावजूद रिकार्ड मुनाफा

नई दिल्ली। इंडियन आयल कारपोरेशन की 62वीं सलाना बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर इंडियन आयल के चेयरमैन एसएम वैद्य ने कहा कि 2020-21 में कोविड-19 महामारी के दौरान कई चुनौतियां सामने आईं। कंपनी ने इन चुनौतियों का डटकर सामना किया और ग्राहकों तक निरंतर पहुंच बनाए रखी। इसका परिणाम यह हुआ है कि पिछले साल हमने 21,836 करोड़ रुपये का रिकार्ड मुनाफा कमाया। उन्होंने इस मौके पर कंपनी के शेयरधारकों, कर्मचारियों, चैनल पार्टनर और फ्रंटलाइन टीम के प्रति आभार जताया। कहा कि आने वाले समय में कंपनी और महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इंडियन आयल ने लांच किया ग्रीनमाइल और सर्वो रफ़्तार इंजन आयल	Amar Ujala	6	Bureau

इंडियन आयल ने लांच किए सर्वो ग्रीनमाइल और सर्वो रफ्तार इंजन ऑयल

नई दिल्ली। इंडियन आयल ने दो नए प्रीमियम इंजन आयल सर्वो ग्रीनमाइल और सर्वो रफ्तार लांच किए। इन लुब्रिकेंट्स को विशेष रूप से बीएस-6 वाहनों के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे उत्सर्जन को कम करने और इंजन के प्रदर्शन में सुधार करने में मदद मिलेगी। पर्यावरण के अनुकूल यह नए लुब्रिकेंट कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और उन्नत पेट्रोल और डीजल वाहनों के लिए विनिर्देशों को पूरा करने में मदद करेंगे। इंडियन आयल के अध्यक्ष एसएम वैद्य ने कहा कि सर्वो ग्रीनमाइल नई पीढ़ी की पेट्रोल कारों और एसयूवी के लिए प्रीमियम आयल है, जबकि सर्वो रफ्तार नवीनतम डीजल वाहनों के लिए ड्राइविंग अनुभव को बेहतर बनाएगा। यह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करते हैं।

62nd Indian Oil Day at Haldia Refinery	Sunday Standard	10	Bureau

62nd Indian Oil Day at Haldia Refinery

The 62nd Indian Oil Day was celebrated "valuing the trust of a billion plus Indians" with enthusiasm & fervour at Haldia refinery. The celebration was inaugurated by Partha Ghosh, ED & Head - Haldia Refinery. Ghosh addressed the employees during the celebration. Messages from SM Vaidya, Chairman (Indian Oil) and Ranjan Kumar Mohapatra, Director (HR) were read out to the staff.